Roll No. ....

DD–2324

M. A. (Previous) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Fourth

(आधुनिक गद्य साहित्य)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 30

(क) जो न किसी के राज्य में रहता है और न किसी के अन्न से पलता है। स्वराज में विचरता है और अमृत होकर जीता है। यह तुम्हारा मिथ्या गर्व है। ब्राह्मण सब कुछ सामर्थ्य रखने पर भी इन माया स्तूपों को ठुकरा देता है। प्रकृति के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का दान देता है।

अथवा

हमें जो मिला नसीहत करने वाला ही मिला। भाई हैं तो वह नसीहत करते हैं, बीबी है तो वह नसीहत करती है, आप हैं तो आप नसीहत करते हैं। आखिर इस छोटे-से दिमाग में कितनी नसीहत समा पायेगी ? आप लोग कुछ दिन के लिए मुझे मेरे हाल पर छोड़ दें तो मुमकिन है मेरी अक्ल कुछ काम करने लगे।

(ख) वैवाहिक जीवन के प्रभात में लालसा अपनी गुलाबी मादकता के साथ उदय होता है और हृदय के सारे आकाश को अपने माधुर्य की सुनहरी किरणों में रंजित कर देती है, फिर मध्यान्ह का प्रखर ताप आता है, क्षण-क्षण पर बगूले उठते हैं और पृथ्वी काँपने लगती है। लालसा का सुनहरा आवरण हट जाता है और वास्तविकता अपने नग्न रूप में सामने आ खड़ी होती है। उसके बाद 'विश्राममय' संध्या आती है, शीतल और शांत, जब हम थके हुए पथिकों की भाँति दिनभर की यात्रा का वृत्तांत कहते हुए सुनते हैं। तटस्थ भाव से, मानो हम किसी ऊँचे शिखर पर जा बैठे हैं, जहाँ नीचे का जनरव हम तक नहीं पहुँचता।

अथवा

पुरुष वस्तु विच्छिन्न भावरूप सत्य में आनंद का साक्षात्कार करता है। स्त्री वस्तु परिगृहीत रूप में रस पाती है। पुरुष निःसंग है, स्त्री आसक्त, पुरुष निर्द्वंद्व है, स्त्री द्वन्द्वोन्मुखी। पुरुष स्त्री को शक्ति समझकर पूर्ण हो सकता है, पर स्त्री स्त्री को शक्ति समझकर अधूरी रह जाती है।

(ग) काव्य में अर्थग्रहण मात्र से काम नहीं चलता, बिंबग्रहण भी अपेक्षित होता है। यह बिंबग्रहण निर्दिष्ट गोचर और मूर्त विषय का ही हो सकता है। 'रुपये का डेढ़ पाव घी मिलता है।' इस कथन से कल्पना में यदि कोई बिंब या मूर्ति उपस्थित होगी तो वह तराजू लिए हुए बनिए की होगी जिससे हमारे करुण भाव का कोई लगाव न होगा। बहुत कम लोगों को घी खाने को मिलता है, अधिकतर लोग रूखी-सूखी खाकर रहते हैं, इस तथ्य तक हम अर्थग्रहण परंपरा द्वारा इस चक्कर के साथ पहुँचते हैं—एक रुपये का बहुत कम घी मिलता है, इससे रुपये वाले भी घी खा सकते हैं, पर रुपये वाले बहुत कम हैं, इससे अधिकांश जनता घी नहीं खा सकती, रूखी-सूखी खाकर रहती है।

अथवा

क्या मजाल है कि 'जी' और 'साहब' बिना सुने किसी को हटना पड़े। यह बात नहीं कि उनकी जीभ चलती ही नहीं, चलती है, पर मीठी छुरी की तरह महीन मार करती है। यदि कोई बुढ़िया बार-बार चेतावनी देने पर भी लीक से नहीं हटती तो उनकी वचनावली के ये नमूने हैं "हट जा जीणें जोगिये, हट जा करमावालिए, हट जा पूत्ती प्यारिये, बच जा लम्बी उमरा वालिए।" समष्टि में इसका अर्थ है कि तू जीने योग्य है, तू भाग्यों वाली है, पुत्रों को प्यारी है, लम्बी उमर तेरे सामने है, तू क्यों मेरे पहियों के नीचे आना चाहती है ? बच जा।

2. 'चन्द्रगुप्त' नाटक के आधार पर चन्द्रगुप्त के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 15

अथवा

'बाणभट्ट की आत्मकथा' के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की सांस्कृतिक चेतना को स्पष्ट कीजिए।

3. शिल्प की दृष्टि से 'पुरस्कार' कहानी की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

'वैष्णव की फिसलन' में अभिव्यक्त विचारधारा को स्पष्ट करते हुए उसमें निहित व्यंग्य को रेखांकित कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के लघु उत्तर लिखिए : 20

(i) ' 'हानूश' के माध्यम से भीष्म साहनी ने कलाकार की सृजन की अदम्य अकुलाहट और निरीहता को उजागर किया है।' बताइये।

(ii) 'सुजान भगत' कहानी में प्रेमचन्द क्या कहना चाहते हैं ?

(iii) हिन्दी नाट्य साहित्य में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान को बताइये।

(iv) 'आवारा मसीहा' की जीवनकला की विवेचना कीजिए।

(v) रांगेय राघव की कहानियों में अभिव्यक्त प्रगतिशील दृष्टिकोण का उल्लेख कीजिए।

(vi) 'धनिया एक कर्मठ ग्राम्य नारी है' की विशेषताएँ बताइये।

(vii) 'कविता क्या है' निबन्ध के आधार पर कविता का स्वरूप बताइये।

(viii) राहुल सांकृत्यायन की साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20

(i) नंद की पुत्री का नाम बताइये।

(ii) 'आवारा मसीहा' किस प्रकार की कृति है ?

(iii) 'छोटे-छोटे ताजमहल' के रचनाकार का नाम बताइये।

(iv) 'गोदान' उपन्यास में होरी के पुत्री का नाम बताइये।

(v) मन्नू भंडारी के प्रसिद्ध उपन्यास का नाम बताइये।

(vi) सुजान भगत की पत्नी का नाम बताइये।

(vii) होरी की गाय को जहर किसने दिया ?

(viii) 'बादलों के घेरे में' कहानी में किस स्थान का वर्णन है ?

(ix) 'कोणार्क' नाटक के लेखक का नाम बताइये।

(x) अलक्षेन्द्र सम्बोधन किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

(xi) 'मजदूरी और प्रेम' निबन्ध की रचना किसने की है ?

(xii) 'हालावाद' के सर्जक कौन हैं ?

(xiii) 'तमस' के रचनाकार का नाम बताइये।

(xiv) लेखक को 'हानूश' नाटक लिखने की प्रेरणा किस स्थान पर जाने से हुई ?

(xv) किसी एक प्रसिद्ध व्यंग्यकार का नाम लिखिए।

(xvi) हिन्दी साहित्य जगत में रामचन्द्र शुक्ल निबन्धकार के साथ-साथ और किस रूप में प्रसिद्ध हुए ?

(xvii) 'भारत दुर्दशा' नाटक के लेखक का नाम बताइये।

(xviii) कार्नेलिया के पिता का नाम बताइये।

(xix) महापंडित किस विख्यात लेखक को कहा जाता है ?

(xx) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में भारतीय इतिहास के किस सम्राट के युग का सजीव चित्रण है ?

(xxi) 'चन्द्रगुप्त' नाटक के तीन स्त्री पात्रों के नाम बताइये।